# कार्यालयः— जिला कार्यक्रम अधिकारी, जालौन।

पत्रांक ——— /जि0का0/बा0वि0परि0/विज्ञप्ति/2024—25 / दिनाँक 09 अक्टूबर, 2024

**विज्ञप्ति**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि शासनादेश संख्या—19/2023/3975/58—1—2022—2/1(22)10 टी.सी दिनांक 21 मार्च, 2023 के वर्णित व्यवस्थानुसार जनपद जालौन के शहरी/ग्रामीण परिक्षेत्र में संचालित बाल विकास परियोजनाओं में ऑगनबाडी कार्यकत्री के मानदेय पर आधारित रिक्त पदों पर नियुक्ति हेतु सीधी भर्ती प्रकिया के तहत विभागीय वेबसाइट https://upanganwadibharti.in पर ऑनलाइन आवेदन पत्र आमंत्रित किये जाते है। रिक्त पदो का परियोजनावार विवरण निम्नवत् है:—

| क0सं0 | विकास खण्ड/परियोजना का नाम | ग्रामीण/शहरी | ऑगनबाड़ी कार्यकत्रियों के रिक्त पदो की संख्या |
|---|---|---|---|
| 1 | कुठौन्द | ग्रामीण | 28 |
| 2 | कदौरा | ग्रामीण | 59 |
| 3 | जालौन | ग्रामीण | 18 |
| 4 | माधौगढ़ | ग्रामीण | 22 |
| 5 | रामपुरा | ग्रामीण | 14 |
| 6 | डकोर | ग्रामीण | 49 |
| 7 | नदीगांव | ग्रामीण | 34 |
| 8 | कोंच | ग्रामीण | 15 |
| 9 | महेवा | ग्रामीण | 34 |
| 10 | उरई शहर | शहरी | 08 |
| | योग | | 281 |

नोटः— उपरोक्त पदों का ग्रामसभा/वार्डवार विवरण एव आरक्षण तथा अर्हता का पूर्ण विवरण जनपद के कलैक्ट्रेट, विकास भवन, तहसील एवं विकासखंड व बाल विकास परियोजना इत्यादि कार्यालय के नोटिस बोर्ड पर चस्पा की गई है, साथ ही विभागीय वेबसाइट https://upanganwadibharti.in ऑनलाइन अपलोड है।

**विज्ञापित पदों की अर्हता एवं आवेदन पत्र भरने हेतु विशेष निर्देश :—**

1. विज्ञापित पदों हेतु केवल महिला अभ्यर्थी ही पात्र होंगी।
2. ऑगनबाड़ी कार्यकत्री के लिये न्यूनतम शैक्षिक योग्यता इण्टरमीडियट या उसके समकक्ष होगी।
3. आवेदिका को विज्ञापित रिक्त पद सम्बन्धी वार्ड/ग्राम सभा की स्थाई निवासी होना अनिवार्य है। आवेदिका की आयु निर्धारित कट ऑफ तिथि 01 जुलाई 2024 को न्यूनतम 18 वर्ष तथा 35 वर्ष से अधिक नही होने चाहिए।
4. विज्ञापित पदों हेतु केवल विभागीय वेबसाइट https://upanganwadibharti.in पर ऑनलाइन आवेदन फार्म ही स्वीकार्य होगें। ऑफलाइन आवेदन पत्र किसी भी दशा में स्वीकार नहीं किये जायेगें।
5. विज्ञापित पदों हेतु ऑनलाइन आवेदन करने की अन्तिम तिथि 31.10.2024 मध्य रात्रि 12.00 बजे तक होगी।
6. उपरोक्त विज्ञापित पदों की अर्हता एवं आवेदन करने की प्रकिया सहित विस्तृत प्रपत्र एवं सूचना विभागीय वेबसाइट https://upanganwadibharti.in पर उपलब्ध है, साथ ही अधिक जानकारी हेतु बाल विकास परियोजना कार्यालय अथवा जिला कार्यक्रम अधिकारी कार्यालय से किसी भी कार्यदिवस में जानकारी प्राप्त की जा सकती है।

ह0

(इफ्तेखार अहमद)
जिला कार्यक्रम अधिकारी
जनपद जालौन।

पृष्ठाकंन सं0 1137 /उपरोक्तानुसार।

प्रतिलिपिः— निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

1. निदेशक, बाल विकास सेवा एवं पुष्टाहार उ0प्र0 लखनऊ।
2. जिलाधिकारी महोदय, जनपद जालौन
3. मुख्य विकास अधिकारी महोदय, जनपद जालौन।
4. समस्त उपजिलधिकारी, जनपद जालौन।
5. समस्त खण्ड विकास अधिकारी, जनपद जालौन।
6. जिला सूचना अधिकारी, जालौन को इस अनुरोध के साथ प्रेषित है कि शासकीय अनुमोदित दरों पर तथा न्यूनतम स्पेस उक्त विज्ञप्ति जनपद जालौन के प्रकाशित होने वाले दैनिक समाचार पत्र—दैनिक जागरण, कानपुर एवं दैनिक अमर उजाला, कानपुर में प्रकाशित कराते हुये बिल दो प्रतियों में भुगतान की कार्यवाही हेतु उपलब्ध कराने का कष्ट करें।
7. समस्त बाल विकास परियोजना अधिकारी, जनपद जालौन को इस निर्देश के साथ कि वह उपरोक्त विज्ञप्ति तहसील, विकासखण्ड, सी0एच0सी तथा अपने कार्यालय में चस्पा करें तथा व्यापक प्रचार—प्रसार सुनिश्चित करें।
8. कार्यालय प्रति।

9/10/2024

जिला कार्यक्रम अधिकारी
जनपद जालौन।